**अव्यवस्था** | जाम और हादसों का बढ़ा खतरा

# नौदरा ब्रिज, नागरथ चौक और पर्यटन तिराहे पर सिग्नल बंद

**नवभारत, जबलपुर।** स्मार्ट सिटी और बेहतर यातायात व्यवस्था के दावों के बीच शहर के कई प्रमुख चौराहों पर ट्रैफिक सिग्नल बंद पड़े होने से व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

नौदरा ब्रिज, नागरथ चौक, कैराब्स और पर्यटन तिराहे जैसे व्यस्त मार्गों पर सिग्नलों के बंद रहने से वाहन चालकों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इन चौराहों से प्रतिदिन हजारों वाहन गुजरते हैं, लेकिन सिग्नल बंद होने के कारण यातायात पूरी तरह अव्यवस्थित नजर आ रहा है।

कई स्थानों पर वाहन चालक अपनी सुविधा अनुसार निकलने का प्रयास करते हैं, जिससे जाम की स्थिति बनती है और दुर्घटनाओं की आशंका लगातार बनी रहती है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि पीक आवर्स में हालात और भी खराब हो जाते हैं। स्कूल बसें, एम्बुलेंस, ऑफिस जाने वाले कर्मचारी और आम लोग घंटों जाम में फंसने को मजबूर हैं। वहीं पैदल सड़क पार करने वाले लोगों को भी जान जोखिम में डालकर रास्ता पार करना पड़ता है।

### क्यों नहीं होती मॉनिटरिंग

सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब करोड़ों रुपये खर्च कर ट्रैफिक सिग्नल लगाए गए हैं तो उनकी नियमित मॉनिटरिंग और रखरखाव क्यों नहीं हो रहा? यदि सिग्नल लंबे समय से बंद हैं तो संबंधित विभाग द्वारा तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई क्यों नहीं की गई? यातायात विशेषज्ञों का मानना है कि व्यस्त चौराहों पर सिग्नल बंद रहना केवल असुविधा का विषय नहीं, बल्कि सीधे तौर पर जनसुरक्षा से जुड़ा मामला है। समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया तो किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता। शहरवासियों की मांग है कि बंद पड़े ट्रैफिक सिग्नलों को तत्काल चालू कराया जाए और जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही भी तय की जाए, ताकि लोगों की सुरक्षा और सुगम यातायात सुनिश्चित हो सके।

### इनका कहना है

सिग्नल बंद रहने यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है। मंगलवार को सिग्नल्स बंद रहे, सब परेशान होते रहे।

**रशिका सिंह**

सिग्नल्स बंद होने के कारण सभी को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। प्रशासन इस ओर ध्यान दे

**मानसी**

## बारिश के मौसम को देख व्यवस्थाएं तैयारी हो, कहीं कोई चूक न हो : कलेक्टर

**जबलपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को महामहिम राष्ट्रपति के आगमन और रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में कार्यक्रम को सुव्यवस्थित एवं सफल बनाने के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। कलेक्टर ने योग दिवस कार्यक्रम में शामिल होने वाले योग प्रतिभागियों के आवागमन, बैठने की व्यवस्था संबंधी सभी आवश्यक व्यवस्थाओं पर चर्चा की।

बैठक में बारिश के मौसम को देखते हुए वैकल्पिक व्यवस्थाएं तैयार रखने, विद्युत सुरक्षा के सभी मानकों का पालन करने तथा कार्यक्रम स्थल पर स्वास्थ्य विभाग की मेडिकल टीम एवं हेल्प डेस्क स्थापित करने के निर्देश भी दिए गए। अधिकारियों के साथ राष्ट्रपति की उपस्थिति में होने वाले योग कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा एवं प्रोटोकॉल संबंधी व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की गई।

# रेलवे कर रहा बिजली की बर्बादी!

**रेलवे स्टेशन की डॉरमेट्री में बिना यात्रियों के चल रहे एसी, पंखे और लाइटें, उठे जिम्मेदारों पर सवाल**

**नवभारत, जबलपुर।** देश के प्रधानमंत्री द्वारा लगातार ऊर्जा संरक्षण और बिजली बचाने को लेकर जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। वे कई मंचों से नागरिकों और संस्थानों से बिजली की बचत करने की अपील कर चुके हैं। लेकिन मुख्य रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म क्र एक के परिसर में स्थित डॉरमेट्री में देखने को मिली तस्वीरें इन प्रयासों पर सवाल खड़े कर रही हैं। दरअसल नवभारत के कैमरे में कैद मुख्य स्टेशन की डॉरमेट्री में उस समय भी एसी, पंखे और लाइटें लगातार चालू पाई गईं, जब वहां कोई यात्री मौजूद नहीं था। खाली कमरों में घंटों तक विद्युत उपकरणों का संचालन होने से न केवल बिजली की अनावश्यक खपत हो रही है, बल्कि सरकारी संसाधनों के दुरुपयोग का मामला भी सामने आ रहा है।

### संसाधनों की है बर्बादी

वही रेलवे से जुड़े जानकारो का कहना है कि एक ओर रेलवे द्वारा ही आम नागरिकों को बिजली बचाने की सीख दी जाती है, वहीं दूसरी ओर सरकारी विभागों में इस तरह की लापरवाही देखने को मिलती है। यदि समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो हर महीने बड़ी मात्रा में सरकारी धन केवल बिजली बिल के रूप में व्यर्थ खर्च होता रहेगा। वही नागरिकों ने रेलवे प्रशासन से मांग की है कि स्टेशन परिसर में ऊर्जा संरक्षण के नियमों का सख्ती से पालन कराया जाए तथा खाली कमरों में अनावश्यक रूप से चल रहे एसी, पंखे और लाइटों को तत्काल बंद करने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। सवाल यह है कि जब देश ऊर्जा बचाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, तब क्या सरकारी संस्थानों को भी अपनी जिम्मेदारी नहीं निभानी चाहिए?

### इनका कहना है

हम आम जनता से अपील करते हैं कि किसी भी संसाधन का उपयोग करने के बाद उसे बंद कर के जाएँ। हम सभी को मिलकर बिजली, पानी जैसे जरूरी संसाधनों को बचाना है। इसपर अटेंडर से सारी जानकारी ली जाएगी।

**डॉ मधुर वर्मा**
**सीनियर डीसीएम, पमरे**

## जुए के अड्डे पर पुलिस का छापा, भागे फड़बाज, जुआरी धराए

**13 मोटरसाइकिलें और नगद बरामद**

**नवभारत, जबलपुर ।** बरेला पुलिस ने बम्हनी में चल रहे एक बड़े जुआ फड़ पर छापा मार कार्रवाई की। कार्रवाई से जुआरियों में हड़कंप मच गया। पुलिस ने मौके से घेराबंदी कर 4 जुआरियों को रंगे हाथों दबोचा है, जबकि फड़बाज भाग निकले। पकड़े गए जुआरियों के कब्जे से 11,400 नगद और जुआरियों की 13 मोटरसाइकिलें जब्त की गई हैं।

टीआई संगीता सिंह ने बताया कि बम्हनी में रमेश गर्ग के खेत में ताश पत्तों पर रूपयों की हारजीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे शुक्ला झारिया कंधीलाल चक्रवर्ती, सुरेन्द्र झारिया तीनों निवासी बम्हनी, नवीन पटेल निवासी ग्राम गाडरखेडा बरेला को घेराबंदी कर दबोचा गया। जुआडियों के कब्जे एवं फड़ से 11 हजार 400 रूपये, 11 वाहन जब्त किए गए ।

### राजा-बच्चू काट रहे थे नाल-

पूछताछ करने पर जुआरियों ने बताया कि रमेश गर्ग के खेत में राजा राम पटेल निवासी देवरी पटपरा एवं बच्चू चक्रवर्ती निवासी बम्हनी दोनों ही जुए के नाल का पैसा लेते है दोनो ही मौके से भाग गये है। पुलिस ने प्रकरण र्ज कर फडबाज राजा राम पटेल निवासी देवरी पटपरा एवं बच्चू चक्रवर्ती निवासी बम्हनी की तलाश शुरू कर दी है।

## डॉ . सुशील तिवारी को मिला अंतरराष्ट्रीय सम्मान

**नवभारत, जबलपुर।** भारत और नेपाल के सहयोग से काठमांडू में आयोजित इंटरनेशनल आयुष कॉन्क्लेव 4.0 में जबलपुर के प्रसिद्ध आयुर्वेदिक विशेषज्ञ डॉ. सुशील तिवारी को स्वास्थ्य सेवा, शोध, नवाचार और समाज सेवा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए अंतरराष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया गया। सिविक इंडिया और नेपाल चैंबर ऑफ कॉमर्स के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस भव्य अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भारत के 25 से अधिक राज्यों सहित नेपाल, मलेशिया, कनाडा, यूएई, बांग्लादेश और सिंगापुर जैसे देशों से आए आयुष डॉक्टरों और शोधकर्ताओं सहित कुल 254 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिससे यह आयोजन आयुष जगत में एक नया इतिहास दर्ज करने में सफल रहा। सम्मेलन में हर्बल चिकित्सा, क्लिनिकल प्रैक्टिस, रिसर्च, डिजिटल हेल्थ और स्वास्थ्य नीति जैसे विषयों पर वैज्ञानिक सत्र हुए, जहां डॉ. सुशील तिवारी ने शोध पत्र प्रस्तुत किया और उन्हें आयुष लीजेंड्स इंटरनेशनल अवार्ड दिया गया।

# 75 कवि-कवयित्रियों ने दी यादगार प्रस्तुतियां, स्व . मोहन शशि को काव्यांजलि

**नवभारत,जबलपुर।** संस्कारधानी की प्रतिष्ठित साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था मिलन के अमृत महोत्सव वर्ष के अंतर्गत आयोजित दो दिवसीय भव्य कवि-कवयित्री सम्मेलन उत्साह और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। आयोजन में जबलपुर सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लगभग 75 कवि-कवयित्रियों ने अपनी स्वरचित रचनाओं की प्रभावशाली प्रस्तुतियां दीं।

कार्यक्रम का आयोजन महामहोपाध्याय आचार्य ब्राह्ममश्री पं. डॉ. हरिशंकर दुबे, के.के. नायकर, दिलीप निखरा, जगदीश पटेल, बलराम वर्मा एवं अज्ञेय शशि के मार्गदर्शन में हुआ। आयोजन में अध्यक्ष एड.ईश्वर सिंह,संयोजक पं. दीपक तिवारी, सह-संयोजक एवं महामंत्री डॉ. मुकुल तिवारी डॉ. संध्या जैन 'श्रुति' विशेष सहयोगी रहीं।

प्रथम दिवस 'परिंदों के आसमान' में मुख्य अतिथि विधायक डॉ. अभिलाष पांडे, अध्यक्ष संदीप जैन तथा विशिष्ट अतिथि प्रशांत केसरवानी उपस्थित रहे। इस अवसर पर गणेश 'प्यासा', संगम त्रिपाठी, डॉ. विनोद बाजपेयी, विजेंद्र

उपाध्याय, बसंत शर्मा, आशुतोष तिवारी सहित अनेक कवियों ने सामाजिक, राष्ट्रीय और मानवीय संवेदनाओं से ओतप्रोत रचनाएं प्रस्तुत कर श्रोताओं की खूब वाहवाही बटोरी। द्वितीय दिवस महिला काव्य गोष्ठी 'मन के महराव' के नाम रही। मुख्य अतिथि डॉ. स्वाति सदानंद गोडबोले, अध्यक्ष श्रीमती कीर्ति अभिलाष पांडे तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. तनुश्री सिंह रहीं। इस अवसर पर डॉ. राजलक्ष्मी आर एन. शिवहरे, साधना उपाध्याय डॉ.चंद्रा चतुर्वेदी,डॉ.निर्मला तिवारी,डॉ.अनामिका तिवारी,अनुराधा 'अनु',अदिति ठाकुर 'शौर्यशीं', डॉ. वंदना दुबे,डॉ.अरुणा पांडे सुषमा खरे, अन्नपूर्ण पाण्डे, रेखा ताम्रकार ,शशि परिहार, प्रभा शील, डॉ.कदंबनी मिश्रा, आशा लता गिरीश विल्लोरे, सुषमा खरे, आशा लता जैन, मनोरमा गुप्ता 'बांसुरी', विनीता पैगवार विधि, विनीता श्रीवास्तव, ज्योति 'प्यासी' सहित अनेक कवयित्रियों ने अपनी सशक्त और भावपूर्ण रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## शौर्य यात्रा में संगठित होकर शक्ति का प्रदर्शन करे

नवभारत, जबलपुर। महाराणा प्रताप जयंती पर आज सिविक सेंटर से शाम 4 बजे भव्य शौर्य यात्रा निकाली जाएगी। इसमें हजारों क्षत्रिय महिला-पुरुष शामिल होकर वीरता, एकता और सामाजिक समरसता का संदेश देंगे। यह यात्रा सिविक सेंटर से शुरू होकर करमचंद चौक, मालवीय चौक और नगर निगम तीन पत्ती मार्ग होते हुए महाराणा प्रताप प्रतिमा स्थल पर समाप्त होगी। इस आयोजन से एक दिन पूर्व अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने प्रेस वार्ता कर यूजीसी, समाज, शिक्षा और समसामयिक मुद्दों पर विचार रखे।

### यूजीसी बदलाव और राम मंदिर जांच की मांग

वार्ता में राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. कुंवर हरिवंश सिंह ने नई पीढ़ी को महाराणा प्रताप, पृथ्वीराज चौहान व छत्रपति शिवाजी महाराज के शौर्य, त्याग और राष्ट्रभक्ति से जोड़ने के लिए समाज को संगठित होने का आह्वान किया। प्रदेशाध्यक्ष कुलदीप सिंह सिसौदिया ने इसे सांस्कृतिक गौरव की यात्रा बताते हुए शिक्षा व सहभागिता से समाज को मजबूत करने पर जोर दिया। सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता डॉ. ए.पी. सिंह ने यूजीसी बदलावों पर सामाजिक आशंकाओं के तहत कोर्ट में पक्ष रखने की बात कही और व्यापक चर्चा को जरूरी बताया। उन्होंने रामभक्तों की आस्था के मद्देनजर अयोध्या राम मंदिर निर्माण की कथित वित्तीय अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच व दोषियों पर कार्रवाई की मांग की।

### पारंपरिक पहनावा और सामाजिक समरसता

पारंपरिक पहनावे में तलवार लिए महिलाएं यात्रा का मुख्य आकर्षण होंगी, जो सांस्कृतिक स्वाभिमान दिखाएंगी। आयोजकों ने सभी वर्गों से शामिल होने की अपील की। महापौर जगत बहादुर सिंह ने अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने व आत्मनिर्भरता पर जोर दिया। वक्ताओं ने शबरी के बेर प्रसंग से जाति-भेद मिटाने का संदेश दिया।

## रानीताल श्मशान घाट के पास अवैध लोड पिस्टल के साथ शातिर बदमाश गिरफ्तार



**नवभारत,जबलपुर।** लार्डगंज पुलिस ने रानीताल श्मशान घाट के पास दबिश देकर एक युवक को अवैध हथियार के साथ रंगे हाथों दबोचा है। आरोपी के पास से एक लोडेड देशी पिस्टल और जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे सलाखों के पीछे भेज दिया है। लार्डगंज थाना प्रभारी नवल सिंह आर्य ने बताया कि रानीताल श्मशान घाट के पास किसी गंभीर वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे शिवम उर्फ शुभम नामदेव पिता मुकेश उर्फ मुन्ना नामदेव, (34) निवासी कार्तिक होटल के पास, यादव कॉलोनी को पकड़ा गया। जब पुलिस टीम ने आरोपी की तलाशी ली, तो उसकी जींस पैंट की बाईं जेब से एक चमचमाती हुई देशी पिस्टल बरामद हुई। पिस्टल की मैगजीन में एक जिंदा कारतूस पहले से ही लोड था, यानी आरोपी कभी भी गोली चला सकता था। आरोपी के कब्जे से अवैध देशी पिस्टल और कारतूस को विधिवत जप्त कर लिया है। आरोपी से कड़ाई से पूछताछ की जा रही है कि उसने यह घातक हथियार कहां से, कैसे और किस मकसद से हासिल किया था।

**व्यवस्था** | रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय का 36वां दीक्षांत समारोह इस बार बेहद खास

# राष्ट्रपति के आगमन को लेकर कड़े बंदोबस्त, जिला प्रशासन अलर्ट

**नवभारत, जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय का 36वां दीक्षांत समारोह इस बार बेहद खास होने वाला है। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मंच पर विराजमान होंगी। अति विशिष्ट अतिथियों में राज्यपाल मंगू भाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. इंदर सिंह परमार भी शिरकत करेंगे। इस खास आयोजन की तैयारियों के लिए पूरा जिला प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है।

बुधवार को स्वयं संभागायुक्त धनंजय सिंह भदौरिया अपनी टीम के साथ विश्वविद्यालय पहुंचे और उन्होंने प्रो. राजेश कुमार वर्मा के साथ मिलकर सभी तैयारियों का सूक्ष्म निरीक्षण किया। इधर राष्ट्रपति के आने को लेकर विश्वविद्यालय सहित पूरा प्रशासन व्यवस्था बनाने और सुरक्षा घेरा को लेकर तैयारियों में जुटा रहा। समारोह में सुरक्षा इतनी कड़ी रहेगी कि परिंदा भी पर नहीं मार सकेगा।

### अधिकारियों ने लिया तैयारियों का जायजा

लोकभवन से लेकर जिला और पुलिस प्रशासन के अधिकारी लगातार विश्वविद्यालय प्रशासन के सम्पर्क में हैं, और पल-पल की रिपोर्ट भेज रहे हैं। बुधवार को प्रो. राजेश वर्मा, कुलसचिव डॉ. रविशंकर सोनवाल, विवि दीक्षांत समिति संयोजक प्रो. एसएस संधू, प्रो. राकेश बाजपेयी ने दीक्षांत समारोह की तैयारियों को लेकर बनाए गए लगभग एक दर्जन कमेटी के सदस्यों सहित प्रशासन के अधिकारियों के साथ दिनभर बैठकें कीं। वहीं दूसरी ओर प्रो. ममता राव के निर्देशन में मंच पर रिहर्सल से लेकर कार्यक्रम की पूरी रूपरेखा पाइंट टू पाइंट डिस्कस की गई। इस बीच कलेक्टर, एसपी, यातायात, मेडिकल एवं सुरक्षा से जुड़े तमाम अधिकारी भी अपनी रिपोर्ट तैयार करने विश्वविद्यालय परिसर में एक के बाद एक पहुंचते रहे।